टीकाकरण-जागरूकता से हो सकती सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम...

▶ महिदपुर में सर्वाइकल कैंसर रोकथाम को लेकर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

महिदपुर। महिलाओं में बढ़ते कैंसर के खतरे, विशेषकर गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से स्थानीय सिविल अस्पताल महिदपुर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने क्षेत्र की एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाए जाने वाले एचपीवी वैक्सीन के महत्व और इसके क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए एसडीएम अजय हिंगे,जनपद सीईओ मीना झा, महिला बाल विकास रीना सोलंकी, बीईओ रामेश्वर सोनी एवं बीएमओ डॉ. शोभना भाभर ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं में ज्यादातर होता है, इसका अभी उपचार नहीं आया है, इसलिए स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया कि टीकाकरण की इसके बचाव का उपाय है, हमें घर-घर जाकर 14 से 15 की बालिकाओं के माता-पिता को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण और जागरूकता से इस कैंसर को लगभग 100 प्रतिशत तक रोका जा सकता है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी टीकाकरण अभियान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को दक्ष बनाना है।

प्रशिक्षण के दौरान वैक्सीन की तकनीकी जानकारी और इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यह वैक्सीन 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए सबसे प्रभावी मानी जाती है। इस उम्र में टीकाकरण कराने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कैंसर पैदा करने वाले ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से लड़ने में सक्षम हो जाती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यहां वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित है। जागरूकता पर जोर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण सत्र में यह भी बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर कई बार संकोच की स्थिति रहती है।

ऐसे में आशा, एएनएम और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे अभिभावकों को इस वैक्सीन के महत्व के बारे में समझाएं और बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। बीएमओ डॉ भाबर ने अपने संबोधन में कहा कि महिदपुर क्षेत्र की हर पात्र बालिका को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना विभाग का लक्ष्य है। प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर स्कूलों और आंगनवांड़ियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएंगी तथा टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी।

एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

बड़नगर। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) धीरेन्द्र पराशर द्वारा सोमवार को सिविल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें बाहय रोग विभाग टीकाकरण, दवाई वितरण, एक्सरे, पैथॉलाजी लेब, इमरजेंसी वार्ड, प्रसूति वार्ड आदि का निरीक्षण किया गया तथा समस्त अधिकारी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये।

केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान एचपीवी के संबंध में विशेष बैठक ली जिसमें आप ने दिशा निर्देश दिए। वैक्सीन लगवाने पर कल कैंसर से सुरक्षित रहेंगी बेटियां, इसके लिए सभी पात्र हितग्राही बालिकाओ को टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये एवं खासकर विभाग दल बनाकर स्कूलों में हितग्राही अभिभावक व अन्य स्टाफ को एचपीवी के लाभ के संबंध में जानकारी देने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुयश श्रीवास्वत, प्रभारी बीई दिनेश कुमार पंचोली, नर्सिग ऑफिसर सुनिता सनोडिया, फार्मासिस्ट कन्हैया लाल वर्फा, देवकुवर कनाश एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में

महिला दिवस के साथ फाग उत्सव भी मना

महिदपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगरपालिका महिदपुर के वार्ड 6 की आंगनवाड़ी केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नानीबाई, जनपद सदस्य रीता बड़गुर्जर, पार्षद वार्ड-1 आशा एवं पार्षद वार्ड-2 नेहा सकलेचा का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा महिलाओं को सम्बोधित कर अपने-अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ साथ फाग उत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम में रीना सोलंकी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास महिदपुर द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर अभार व्यक्त किया गया। पर्यवेक्षक पूनम चांदना एवं हर्षिता भार्गव के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं एवं क्षेत्र की अन्य महिलाए भी उपस्थित थीं।

विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर किया सम्मान समारोह

उज्जैन। विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को यादव अहीर महिला क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण-राधा की भक्ति से ओतप्रोत बांके बिहारी फागुन उत्सव मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली उत्सव मनाया गया। विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को यादव अहीर महिला क्लब द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी शोभा यादव के मार्गदर्शन में भरतपुरी क्षेत्र स्थित निजी होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अरुणा व्यास व नेहा यादव थी। इस अवसर पर समाज की कुमारी राधिका यादव को चवन्नी पर भक्त प्रहलाद का चित्र उकेरने पर वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज होने और धार्मिक कार्यों में सक्रियता के लिए श्री महाकालेश्वर शयन आरती भक्त मंडल की अध्यक्ष दुर्गा यादव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण-राधा की भक्ति से ओतप्रोत श्री बांकेबिहारी फागुन उत्सव मनाकर नृत्य, गायन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली उत्सव मनाते हुए शुभकामनाएं दी।

श्री रविदास सेवक संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

उज्जैन। श्री रविदास सेवक संघ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह एवं रंग पंचमी का उत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी ने किया। आयोजन समाज की धर्मशाला, राजीव नगर में सम्पन्न हुआ, जहां समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने मिलकर गुरु रविदास जी की आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आरती के पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर रंग पंचमी का जश्न मनाया। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई और गुरु रविदास जी के भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा सूर्यवंशी, उनकी महिला कार्यकारिणी सहित समाज के वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल सूर्यवंशी ने समाज के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की।कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव राकेश सूर्यवंशी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी महिला-पुरुषों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

उज्जैन। बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ द्वारा उत्साहपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी और वाणिज्य कर विभाग के विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री व उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित समारोह के दौरान संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की आत्मीय शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कर्मचारियों के बीच आपसी भाईचारा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन सचिव प्रेमचंद नहार, संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, उज्जैन जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष महेश सोनोने, जिला सचिव मुकेश रायकवार और विभागीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र परमार उपस्थित रहे। इनके अलावा महेन्द्र टांकले, चंद्रशेखर निम्बालकर, बेगम बाई मालवीय, विमला सखवार आदि की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान द्वारा दी गई।

जैन सोशल ग्रुप मैत्री ने महिला दिवस पर किया सम्मान समारोह

खाचरौद। जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर की सम्मानित और प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान समारोह किया गया। इसमें खाचरौद में पदस्थ एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे ने अपने उद्बोधन में जैन समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि जैन समाज एक अत्यंत शिक्षित एवं संस्कारी समाज है। जो समाज के हित एवं मूल्यों को भली-भांति समझता है।

इस समाज के लोगों से कभी किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमेशा आगे बढ़ते हुए अन्य महिलाओं को भी साथ लेकर चलती हैं तथा महिला सशक्तिकरण और विकास के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता और बेटियों के बीच संवाद (कम्युनिकेशन) मजबूत होना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। जिनमें नेहा चंडालिया (न्यूट्रीहब्स क्लिनिक संचालिका), डॉ. प्रक्षाल नांदेचा (एमडीएस सर्जन, अरविंदो इंस्टिट्यूट), मिनी सीरीश (प्रधानाचार्य, इंपीरियल इंटरनेशनल स्कूल) तथा साक्षी बुपक्या, मानसी बंबोरिया सहित सभी सम्मानित महिलाओं का मैत्री ग्रुप परिवार की ओर से शाल एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा मैत्री ग्रुप की महिलाओं द्वारा उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मैत्री ग्रुप की महिला सदस्यों अंजू नांदेचा, सरिता लुणावत, ममता चौपड़ा, राखी जैन, आदिति जैन, मोना चौरड़िया, दिव्या जैन, रूपल चंडालिया, टीना भारती, मोनिका मेहता, अनीता मेहता, रानी गेलड़ा, निशा भटेवरा, पूनम भटेवरा, विभा चोरड़िया, अर्पिता बरखेड़ावाला, श्वेता गेलड़ा, दीपिका चततर, मयूरी बुपक्या, नम्रता भटेवरा, मोनिका भटेवरा, पूर्वा सकलेचा, आशुका चंडालिया रूबी बुकक्या सुलोचना जैन राखी जैन प्रियंका गेलडा अर्पिता मेहता सीमा भंडारी कृतिका चंडालिया आशा जैनआदि की उपस्थिति रही और सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

एडवांस कंप्यूटर महिदपुर की छात्रा ने CPCT परीक्षा पहले प्रयास में उत्तीर्ण की

महिदपुर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित CPCT (Computer Proficiency Certification Test परीक्षा में एडवांस कंप्यूटर महिदपुर की छात्रा मितिक्षा पिता राजेंद्र पांड्या ने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर संस्था एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में एडवांस कंप्यूटर महिदपुर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा छात्रा को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा प्रोत्साहन राशि स्वरूप चेक भी प्रदान की गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. विनोद कुमार देवड़ा ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने भी छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकगण कविता देवड़ा, आशी सूर्यवंशी, आदित्य कुमरावत, पायल चौहान उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधि जागरूक हो तो सरकार किसी भी दल की हो कराए जा सकते हैं विकास कार्य...

▶ मध्य प्रदेश की ए टीम में उज्जैन के कमलेश और शोएब का चयन

खाचरौद। 7 मार्च को जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम सन्ड़ावदा में 38 लाख 16 हजार के कार्यों के लोकार्पण सहित कुल 80 लाख 49 हजार के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष कुं पृथ्वीराजसिंह पवार की अध्यक्षता व पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कुं पृथ्वीराज सिंह पवार ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि जागरूक हो तो सरकार किसी भी दल की हो विकास कार्य को कराया जा सकता है। वर्तमान में जनपद के माध्यम से बिना किसी भेदभाव के गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्य का लाभ मिल रहा है। ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, नालियां, नवीन ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण हो रहा है। पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा कि मेरे विधायक कार्यकाल में नवोदय, मॉडल स्कूल, आईटीआई, सीएम राइज सहित हर गांव में प्राथमिक हर 3 किलोमीटर पर माध्यमिक तथा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल खुलवाए ताकि ग्रामीण व गरीब बालक बालिकाओं को उच्च शिक्षा का लाभ मिल सके।

इस अवसर पर पीसीसी सदस्य राधे जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवन ढोला, नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, देवीलाल चंद्रवंशी, पार्षद राजेंद्र धाकड़, बाबू नागर, नारायण मंडावलीया, राहुल मेहता, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शेरू मंसूरी ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता चन्द्र प्रकाश चोरडिया, अम्बाराम पाटीदार, नागेश्वर पाटीदार, बाबू बागेड़ी, विरम सिंह गुर्जर, पुष्कर पाटीदार, देवेंद्र सिंह राठौर, संजय सिंह, दिपेन्द्र सिंह पवार, नवराज सिंह, दिग्विजय सिंह पवार, सुरेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा ग्राम नंदियासी, संदला, कनवास, तथा सेकड़ी सुल्तानपुर में 15 वे वित्त की राशि जो जनपद के माध्यम से ग्रामीण विकास कार्य हेतु दी जाती है उक्त राशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। नदियासी के सरपंच विनोद परासिया, सडावदा सरपंच प्रवीण सिंह पवार, संदला सरपंच मुकेश बोड़ाना, कनवास राहुल चोटाना तथा सेकड़ी सरपंच नरेंद्र पटेल, छोगालाल कुशवाहा, गोपाल शर्मा, लखनसिंह पटेल, राजेंद्र सिंह, ने सभी अतिथियों का साफा बांधकर पुष्प मालाओ से स्वागत किया। वहीं पूर्व विधायक गुर्जर ने अपने रेलवे स्टेशन स्थित कार्यालय पर कुंवर पृथ्वीराज सिंह के जन्मदिवस पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर निजी सचिव स्वरूप नारायण चतुर्वेदी, दौलतराम, दिलीप गुर्जर बरखेड़ा, सुरेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्रसिंह, बाबू बागेड़ी, रमेश चौधरी ने स्वागत किया।

राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप

उज्जैन। इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन एवं इंदौर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के विशेष सहयोग से आगामी 28 एवं 29 मार्च को इंदौर के बास्केटबॉल स्टेडियम में 17वीं सीनियर मेंस एवं विमेंस बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सहभागिता करने वाले मध्य प्रदेश दल के शरीर साधकों की चयन ट्रायल स्पर्धा देवास जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन द्वारा मल्हार मार्तंड सभागृह देवास में संपन्न हुई, जिसमें उज्जैन के खिलाड़ियों ने भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।मध्य प्रदेश के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव एवं वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियर गजेंद्र मेहता ने बताया कि स्पर्धा का शुभारंभ देवास नगर पालिका के पार्षद विकास जाट, एडवोकेट चंद्रपाल सिंह सोलंकी और रेहान शेख ने किया। चयन समिति में पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज व प्रादेशिक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, उज्जैन के शैलेंद्र व्यास, अतिन तिवारी, रोहित जेठवा और देवास के अकबर शेख अज्जू शामिल थे। राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु चयनित मध्य प्रदेश की ए टीम में उज्जैन के कमलेश चांगल और शोएब मोहम्मद को जगह मिली है। इनके साथ ही इंदौर के जेताराम नायक, युवराज वर्मा, राहुल नरवरिया और अक्षय यादव, विदिशा के उदय सिंह चौहान, नर्मदापुरम के सौरभ देवनाथ, नीमच के मुश्ताक, ग्वालियर के बनवारी लाल गुर्जर और बालाघाट के निर्मल कुमार सरयाम ए टीम में शामिल किए गए हैं। वहीं मध्य प्रदेश की बी टीम में भोपाल के मेघ श्याम धुरी, विशाल तोमर और हाशिम अली, बालाघाट के विष्णु कावरे, देवास के रूपेश सिंह ठाकुर और प्रदीप ठाकुर, विदिशा के प्रमोद रघुवंशी, इंदौर के आवेश चौधरी, गुना के विवेक रघुवंशी, सतना के शैलेंद्र शुक्ला और जबलपुर के अनमोल तिवारी चयनित किए गए हैं। इस अवसर पर स्पर्धा के आयोजक रेहान शेख का विशिष्ट खेल अभिनंदन भी किया गया।

एक नजर शांतिकुंज के निर्देश पर 11 तहसीलों के प्रतिनिधियों को सौंपे गए विभिन्न प्रभार, 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर करेंगे सामूहिक सूर्य अर्घ्यदान

गायत्री परिवार जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन, रामप्रसाद सरिया को जिला समन्वयक का दायित्व

उज्जैन। अखिल विश्व गायत्री परिवार की उज्जैन जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया है। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन में आयोजित एक गोष्ठी में राम प्रसाद सरिया को नवीन जिला समन्वयक का दायित्व सौंपा गया। इस संगठन विस्तार का मुख्य उद्देश्य परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के युग परिवर्तन के संदेश और विभिन्न रचनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।

इन प्रतिनिधियों को सौंपे गए जिला स्तर के दायित्व: गोष्ठी के दौरान जिले की 11 तहसीलों के प्रतिनिधियों को विभिन्न अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनमें जेपी यादव को सह-समन्वयक व पदेन व्यवस्थापक शक्तिपीठ, नरेंद्र सिंह सिकरवार को जिला सह-समन्वयक, दिनेश पोरवाल को मंडल विस्तार अभियान, ज्योति शर्मा को नारी जागरण अभियान और श्रीमती उर्मिला तोमर को आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी का प्रभार दिया गया। इसके साथ ही डॉ. शशिकांत शास्त्री को युवा जोड़ो अभियान, बंसीलाल शर्मा को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, श्याम लाल जोशी को साधना एवं स्वाध्याय अभियान, बाबूलाल बाड़ोलिया को पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान, सुभाष पाटीदार को शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला का दायित्व मिला। वहीं, वासुदेव मारू को स्वावलंबन एवं शिक्षण प्रशिक्षण, सत्यनारायण सोलंकी को नशा व्यसन कुरीति उन्मूलन एवं आदर्श ग्राम, नंदकिशोर पाटीदार को साहित्य एवं पत्रिका विस्तार तथा डॉ. अरुण सोनी को स्वास्थ्य प्रकल्प की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गुरु का अनुशासन जीवन में उतारना ही लक्ष्य

इस अवसर पर शांतिकुंज से पधारे प्रतिनिधि प्रमोद वार्चे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन का लक्ष्य पूर्णता प्राप्त करना है, जो ज्ञान से ही संभव है। उन्होंने बताया कि मनुष्य शरीर, परमात्मा के प्रति अनुराग और गुरु की प्राप्ति-यह मनुष्य जीवन के तीन सबसे बड़े सौभाग्य हैं। गुरु के अनुशासन को जीवन में उतारकर एक अच्छी परंपरा को आगे बढ़ाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम में शक्तिपीठ प्रभारी जे.पी. यादव ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया तथा वर्तमान जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह सिकरवार ने जिले का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समिति गठन की कार्यवाही का संचालन प्रभाकर सोनोने ने और समग्र कार्यक्रम का संचालन मनोहर बेलावत ने किया।

नववर्ष प्रतिपदा पर सूर्य नारायण को देंगे अर्घ्य...

अपनी संस्कृति अपना त्योहार की गौरवशाली परंपरा के तहत प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी हिंदू नववर्ष के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाएगा। आगामी 19 मार्च 2026 को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक कालिदास अकादमी स्थित कमल सरोवर पर सामूहिक सूर्य अर्घ्य दान होगा। इसमें सामूहिक प्रार्थना, ध्यान, मंगल ध्वनि और सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष का अभिनंदन किया जाएगा।